पत्र संख्या-स्था-6-सामान्य संख्या संवर्ग प्रान्तीय अधिवेशन /2021-22/ 3542 / वाणिज्य कर

कार्यालय कमिश्नर वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश

(स्थापना अराजपत्रित अनुभाग)

लखनऊ:: दिनांक:: 29 अक्टूबर, 2021

::कार्यालय ज्ञाप::

श्री रबिन्द्र कुमार, प्रान्तीय महामंत्री उत्तर प्रदेश वाणिज्य कर सांख्यिकीय एसोसिएशन, उत्तर प्रदेश के अनुरोध पर कमिश्नर, वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के आदेश दिनांक 28.10.2021 द्वारा उत्तर प्रदेश वाणिज्य कर सांख्यिकीय एसोसिएशन का प्रान्तीय अधिवेशन दिनांक 11 व 12 नवम्बर, 2021 (बृहस्पतिवार एवं शुक्रवार) को वाणिज्य कर, मुख्यालय, विभूति खण्ड, लखनऊ में कराने का निर्णय लिया गया है।

संघ के उक्त अधिवेशन में सम्मिलित होने हेतु संघ के इच्छुक सदस्यों/कर्मचारियों से दो दिन अर्थात दिनांक 11 व 12 नवम्बर, 2021 के लिये विशेष आकस्मिक अवकाश का प्रार्थना-पत्र प्राप्त होने पर एम0जी0ओ0 के पैरा-1082(5) के अन्तर्गत उन्हे विशेष आकस्मिक अवकाश स्वीकृत कर दिया जाये।

संघ के ऐसे सदस्यों को, जो सेवा से निलम्बित अथवा निष्काषित है अथवा अब उत्तर प्रदेश वाणिज्य कर सांख्यिकीय एसोसिएशन, उत्तर प्रदेश के सदस्य नहीं रह गये हैं, को उपर्युक्त अवकाश स्वीकृत नही किया जायेगा। यह भी ध्यान में रखा जायेगा कि उक्त तिथियों में अवकाश के कारण राजकीय कार्य में बांधा उत्पन्न न हो।

कृपया इस आशय की सूचना एसोसिएशन के स्थानीय पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों को भी दे दें और इस आदेश की प्रति कांर्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी तुरन्त चस्पा करा दें।

ह0

(सूर्यमणि लालचंद)

एडीशनल कमिश्नर (प्रशासन) वाणिज्य कर,

उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

पृ0प0सं0 व दिनांक उक्त।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- जिलाधिकारी, लखनऊ।
2- पुलिस कमिश्नर, लखनऊ।
3- वरिष्ठ स्टॉफ ऑफिसर, कमिश्नर कैम्प, वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
4- समस्त जोनल एडीशनल कमिश्नर, वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश।
5- अपर निदेशक (प्रशिक्षण) वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
6- एडीशनल कमिश्नर ग्रेड-2, (उच्च न्यायालय कार्य) वाणिज्य कर, इलाहाबाद / लखनऊ।
7- समस्त एडीशनल कमिश्नर ग्रेड-2, वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश।
8- ज्वाइन्ट कमिश्नर (सर्वोच्च न्यायालय कार्य) वाणिज्य कर, गाजियाबाद।
9- समस्त ज्वाइन्ट कमिश्नर वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश।
10- ज्वाइन्ट कमिश्नर(आई0टी0), वाणिज्य कर, मुख्यालय को विभागीय वेब साइट पर अपलोड करने हेतु।
11- समस्त डिप्टी कमिश्नर (प्रशासन) / असिस्टेन्ट कमिश्नर (ए), वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश।
12- प्रान्तीय अध्यक्ष / महामंत्री, उत्तर प्रदेश वाणिज्य कर सांख्यिकीय एसोसिएशन, उत्तर प्रदेश

ह0

असिस्टेन्ट कमिश्नर (स्था0अराज0) वाणिज्य कर,

मुख्यालय, लखनऊ।